# FIRST INFORMATION REPORT
## Under Section 173 B.N.S.S.

## (प्रथम सूचना रिपोर्ट )
## अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2024

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0224 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 06/10/2024 15:51 बजे

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धाराएँ) |
|---|---|---|
| 1 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 7 |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 21/06/2024 **Date To (दिनांक तक):** 22/06/2024

**Time Period (समय अवधि):** पहर 4 **Time From (समय से):** 12:10 बजे **Time To (समय तक):** 10:15 बजे

(b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 06/10/2024 **Time (समय):** 15:00 बजे

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 001 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 06/10/2024 15:51:48 बजे

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** WEST, 70 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABLE

(b) **Address(पता):** POLICE THANA RAJALDESAR, JILA CHURU

(c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**

**Name of P.S (थाना का नाम):** **District(State) (जिला (राज्य) ):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**
   (a) **Name(नाम):** OMPRAKASH
   (b) **Father's Name (पिता का नाम):** MADANLAL
   (c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष):** 06/07/1996 **(d)Nationality(राष्ट्रीयता):** INDIA
   (e) **UID No(यूआईडी सं.):**
   (f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**
   **Date of Issue (जारी करने की तिथि):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**
   (g) **Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण( राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):**

| S.No. | Id Type | Id Number |
|---|---|---|

   (h) **Occupation (व्यवसाय):**
   (i) **Address(पता):**

| S.No. (क्र. सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान पता | KAYLANA ROAD, MEERA COLONY, JODHPUR, JODHPUR CITY, RAJASTHAN, INDIA |
| 2 | स्थायी पता | KAYLANA ROAD, MEERA COLONY, JODHPUR, JODHPUR CITY, RAJASTHAN, INDIA |

   (j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):** [redacted]

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):**

**Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):**

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Address (पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | KUNDANMAL | | पिता:NANURAM | 1. DAUDSAR,RATANGARH(CHURU),CHURU,RAJASTHAN,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**
9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण( यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिक्के और मुद्रा | रुपये | | 5,000.00 |

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)**
**(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में) ):** 5,000.00

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या) |
|---|---|

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
**(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):**

सेवामें, श्रीमान् एडिशनल एस.पी. सा. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो चूरू, विषय- पुलिस थाना राजलदेसर के कानि. द्वारा रिश्वत मांगने हेतु। महोदय, निवेदन है कि मैं ओमप्रकाश पंवार जोधपुर में सर्बिसबल पम्प का होलसेल डिलर हूं व चूरू जिले में भी पार्ट्स व पम्प आदि सामान देता हूं व आता जाता रहता हूं करीब एक वर्ष पहले मेने परसनेउ गांव के धन्नाराम माली को पम्प सैट दिया था जिसमें उसने मुझे तीस हजार रूपये बाद में देने को कही थी। साल भर से धन्नाराम ने मुझे मेरे बार-2 कहने पर भी पैसे नहीं दिये तो मैनें धन्नाराम के खिलाफ दिनांक 20.06.2024 को राजलदेसर थाने में रिपोर्ट दी थी। कल दिनांक 21.6.24 को थाने में कुन्दनमल कानि. ने मेरे बयान लिखे तथा धन्नाराम को भी थाने बुला लिया। धन्नाराम कुन्दनमल से बात करके चला गया तब कुन्दनमल ने मुझे कहा कि आपके काम करने के लिये अभी मुझे 5000 रुपये खर्चे के दे दे व कुछ रुपये धन्नाराम देवे तब दे देना। तु मेरा दो दिन माथा खा रहा है अगर 5000 रुपये खर्चे के नहीं दिये तो मैं तुझे थाना में बंद करके तेरे खिलाफ कार्यवाही करूंगा। थानेदार मैडम थानें में नहीं थी। मैनें कहा कि अभी तो मेरे पास रुपये नहीं है मैं किसी से लेकर दे दूंगा तथा मैं धन्नाराम के पास परसनेऊ चला गया। गांव मैं 3-4 आदमियों के सामने मेरा व धन्नाराम का लेन-देन का समझौता हो गया। परन्तु कुन्दनमल मुझे पैसे के लिये धमका रहा है। मैं कुन्दनमल को रिश्वत नहीं देकर उसे रिश्वत लेते पकड़ाना चाहता हूं। आप कानूनी कार्यवाही करें। दिनांक 22.06.2024 प्रार्थी एसडी ओमप्रकाश ओमप्रकाश पुत्र मदनलाल पंवार निवासी मीरा कालोनी कायलाना रोड़ जोधपुर मो0न0 [redacted] कार्यवाही पुलिस दिनांक 22.06.2024 को वक्त 10.15 ए.एम. पर श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री मदनलाल पंवार जाति सैन उम्र 29 वर्ष पेशा व्यापार निवासी मीरा कालोनी कायलाना रोड़ जोधपुर ने हाजिर चैकी एसीबी चूरू होकर उपरोक्त रिपोर्ट मन् उप अधीक्षक शब्बीर खान को पेश की। परिवादी ओमप्रकाश ने उक्त रिपोर्ट स्वयं द्वारा लिखित व हस्ताक्षरित होना बताया। परिवाद ने दरियाफ्त पर बताया कि मैं जोधपुर में समर्सिबल पम्प का होलसैल व्यापारी हॅू तथा चूरू जिले में भी किसानों व अन्य को पम्प एवं पार्ट्स सप्लाई करता हॅू। करीब साल भर पहले परसनेउ गांव के धन्नाराम माली को समर्सिबल पम्प दिया था, जिसमें धन्नाराम ने 30,000 रूपये कम दिये व कहा कि यह बाद में दे दूंगा। सालभर से मेरे बकाया रूपयों के लिये ना-नुकर कर रूपये नहीं दे रहा है जिस पर मैनें दिनांक 20.06.2024 को धन्नाराम के विरूद्ध पुलिस थाना राजलदेसर में एक रिपोर्ट दी थी जिसकी जांच कुन्दनमल कानि0 कर रहे है। कल दिनांक 21.06.2024 को मुझे कुन्दनमल ने थाने पर बुलाया व मेरे बयान लिए और थाने पर धन्नाराम को भी बुला लिया। धन्नाराम, कुन्दनमल से बात करके वापस चला गया, उसके बाद कुन्दनमल ने कहा कि यह मामला मैं निपटा दूंगा, मूझे 5000 रूपये खर्चे के दे देना। कुन्दनमल से मेरी कोई रंजीश नहीं है व ना ही हमारा कोई व्यक्तिगत लेनदेन बकाया है। कुन्दनमल मेरी रिपोर्ट पर कार्यवाही करने के लिए मेरे से 5000 रूपये रिश्वत के मांग रहा है, मैं उसे रिश्वत नहीं देकर रिश्वत लेते पकड़ाना चाहता हॅू। परिवादी की उपरोक्त रिपोर्ट एवं मजीद दरियाफ्त से मामला रिश्वत मांगने का पाया गया। फिर भी रिश्वती मांग का सत्यापन करवाया जाना आवश्यक है। सत्यापन वार्ता हेतु परिवादी ओमप्रकाश ने बताया कि कुन्दनमल मूझे आज थाने मिल सकता है तथा मैं आज ही उससे रिश्वत मांगने के संबंध में वार्ता कर रिकार्ड कर सकता हॅू। इस पर चोकी के सरकारी वॉईस रिकार्डर को आपरेट करने की विधि परिवादी को समझाकर वॉईस रिकार्डर में नया मेमौरी कार्ड डालकर वॉईस रिकार्डर परिवादी को सुपुर्द कर कानि0 रिपेन्द्र सिंह के साथ सत्यापन वार्ता हेतु राजलदेसर भेजा गया। वक्त 03.30 पी.एम. पर परिवादी ओमप्रकाश व श्री रिपेन्द्र सिंह कानि0 हाजिर चोकी चूरू आये। कानि0 ने वार्ता का वॉईस रिकार्डर पेश किया तथा परिवादी ने बताया कि राजलदेसर पहुंच वॉईस रिकार्डर को चालू कर मैं पुलिस थाना में कुन्दनमल के पास गया। कुन्दनमल मूझे एक कमरे में ले गया व कहा कि धन्नाराम व तेरा समझौता कितने में हुआ तो मैनें कहा कल शाम को हमारा 14,000 रूपये में समझौता हो गया। इस पर पहले तो कुन्दनमल ने मेरे से 7000 रूपये खर्चे के मांगे जिस पर मेरे द्वारा रूपये ज्यादा होने की कहने पर वह 5000 रूपये लेने में सहमत हो गया। कुन्दनमल ने थाने के सुरेन्द्र सिपाही से मेरे सामने मोबाईल पर बात की व कहा कि धन्नाराम को कह दे कि ओमप्रकाश के 14000 रूपये वीर तेजा कृषि स्टोर राजलदेसर पर भींवजी बिस्सू को दे दे व भींव जी को कह दे कि 14000 रूपये धन्नाराम से लेकर उनमें से 9000 रूपये जोधपुर वाले ओमजी को दे दे व 5000 रूपये अपने पास रख ले। थोडी देर बाद सुरेन्द्र का कुन्दनमल के पास फोन आया व कुन्दनमल की बातों के अनुसार सुरेन्द्र ने उसको कहा कि मैनें धन्नाराम व भींव जी से बात करके समझा दिया है। इसके पश्चात कुन्दनमल ने बोल बोल कर मेरे से एक रिपोर्ट आगे कार्यवाही नहीं करने

बाबत लिखवा कर ली व कहा कि आप 9000 रूपये भींव जी बिस्सू से उसके कृषि स्टोर से ले लेना। कानि0 द्वारा प्रस्तुत वॉईस रिकार्डर में रिकार्ड वार्ता को सुना गया तो परिवादी द्वारा बताये गये उपरोक्त तथ्यों एवं आरोपी कुन्दनमल द्वारा परिवादी से 5000 रूपये रिश्वत की मांग करने की पुष्टि हुई। परिवादी श्री ओमप्रकाश व आरोपी कुन्दनमल के मध्य रिश्वती मांग सत्यापन वार्ता जो वॉईस रिकॉर्डर के मेमोरी कार्ड में रिकॉर्ड है, को परिवादी व कानि. रिपेन्द्र सिंह के समक्ष जरिये कम्प्यूटर सुन-सुन कर वार्ता की फर्द ट्रांस्क्रिप्ट तैयार की गई तथा रिकॉर्ड वार्ता की दो डीवीडी तैयार करवायी गई जिसमें से एक डीवीडी कपडे की थैली में डालकर कर सील्ड कर मार्क A-1 अंकित कर सम्बंधित के हस्ताक्षर करवाये गये तथा एक डीवीडी को खुला रखा गया। वॉईस रिकॉर्डर मे से मेमोरी कार्ड को निकाल कर मेमोरी कार्ड को रैपर में डालकर कपडे की थैली में सील्ड कर मार्क A अंकित कर सम्बंधित के हस्ताक्षर करवाये गये। उपरोक्त सत्यापन वार्ता एवं परिवादी ओमप्रकाश के बताये अनुसार परिवादी व धन्नाराम निवासी परसनेउ का रूपयों के सम्बन्ध में आपस में लेन-देन का समझौता होने, आरोपी कुन्दमनल कानि. पुलिस थाना राजलदेसर द्वारा परिवादी की रिपोर्ट पर समझौता होने पर आगे कार्यवाही नहीं करने के लिये परिवादी से रिपोर्ट लेकर 5000 रूपये रिश्वत की मांग की गई है, परन्तु आरोपी द्वारा रिश्वत राशि सीधे स्वयं नहीं लेकर अपने सहकर्मी सुरेन्द्र कानि0 को मध्यस्थ बनाकर उसको यह कहना कि परिवादी ओमप्रकाश के 14000 रूपये धन्नाराम को कहकर वीर तेजा कृषि स्टोर राजलदेसर के श्री भींव जी बीस्सू को देने तथा भींव जी बीस्सू को उक्त रूपयों में से 5000 रूपये रखकर 9000 रूपये परिवादी को देने के लिये कहलवाया गया। आरोपी कुन्दनमल कानि. का भी परिवादी को यह कहना कि भीव जी बीस्सू को धन्नाराम रूपये देगा उनमें से 9000 रूपये ले लेना तथा 5000 रूपये मेरे लिये उनके पास ही छोड़ देना। परिवादी ओमप्रकाश ने बताया कि कुन्दनमल कानि. अब मेरे से 5000 रूपये रिश्वत के नहीं लेगा, उसने मुझे कहा है कि धन्नाराम समझौते के अनुसार 14000 रूपये भींव जी बीस्सू को देगा तथा उनमें से तुम 5000 रूपये मेरे लिये छोड़कर 9000 रूपये भींव जी से ले लेना तथा मेरे से सम्पर्क मत करना। इस प्रकार आगे की ट्रेप कार्यवाही नहीं की जा सकी। परिवादी ओमप्रकाश ने अपनी रिपोर्ट में आरोपी श्री कुन्दनमल को कानि. के पद पर बताया है जबकि अनुसंधान व सेवा-विवरण से श्री कुन्दनमल हैड कानि. 140 के पद पर पुलिस थाना राजलदेसर में पदस्थापित होना पाया गया है। इस प्रकार आरोपी कुन्दनमल हैड कानि. पुलिस थाना राजलदेसर द्वारा परिवादी श्री ओमप्रकाश से उसकी रिपोर्ट दिनांक 20.06.2024 पर कार्यवाही करने तथा इसी दौरान परिवादी व धन्नाराम निवासी परसनेऊ के मध्य पैसे के लेन-देन का आपसी समझौता होने पर आरोपी श्री कुन्दनमल हैड कानि. पुलिस थाना राजलदेसर जिला चूरू द्वारा परिवादी से पहले 5000 रुपये रिश्वत की मांग करना तथा 5000 रूपये रिश्वत के वीर तेजा कृषि स्टोर राजलदेसर पर भींव जी बिस्सू को देने की कहना व भींव जी बिस्सू को धन्नाराम से प्राप्त रुपयों में से 5000 रुपये स्वयं के लिए रखकर 9000 रुपये ओमप्रकाश को देने के तथ्य रिश्वती मांग सत्यापन वार्ता से स्पष्ट है। श्री कुन्दनमल हैड कानि. द्वारा परिवादी ओमप्रकाश से उसके कार्य के लिये 5000 रुपये रिश्वत की मांग कर भींव जी बिस्सू के मार्फत प्राप्त करने का कृत्य अन्तर्गत धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) का अपराध करना प्रथम दृष्टया पाया जाता है। श्री सुरेन्द्र कानि0 पुलिस थाना राजलदेसर की भूमिका के सम्बन्ध में अनुसंधान के दौरान स्थिति स्पष्ट की जायेगी। अतः श्री कुन्दनमल हैड कानि. 140 पुलिस थाना राजलदेसर जिला चूरू के विरूद्ध उपरोक्त वर्णित धारा में अभियोग पंजीबद्ध किये जाने हेतु बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्रीमान् महानिदेशक, भ्र0नि0 ब्यूरो राज0 जयपुर की सेवामें प्रेषित है। (शब्बीर खान) उप अधीक्षक पुलिस, भ्र0नि0 ब्यूरो चूरू ...........कार्यवाही पुलिस.......... प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त टाईप शुदा बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्री शब्बीर खान उप अधीक्षक पुलिस भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, चुरू ने प्रेषित की है। मजमून रिपोर्ट से जुर्म अन्तर्गत धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधन 2018) में आरोपी श्री कुन्दनमल पुत्र श्री नानुराम उम्र 50 वर्ष निवासी दाउदसर पुलिस थाना रतनगढ जिला चूरू हाल हैडकानि. 140 पुलिस थाना राजलदेसर जिला चूरू। के विरूद्ध पंजीबद्ध कर प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियाँ नियमानुसार जारी की गई। अनुसंधान अधिकारी शालू बिश्नोई , पुलिस निरीक्षक, भ्रष्टचार निरोधक ब्यूरो, हनुमानगढ़ को मनोनीत किया गया। उक्त की रोजनामचा आम रपट 561 पर अंकित है। (कालूराम रावत) उप महानिरीक्षक पुलिस-द्वितीय, भ्रष्टाचार निरोधक (कालूराम रावत) उप महानिरीक्षक पुलिस-द्वितीय, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर। क्रमांक 1214-1218 दिनांक 06-10-2024 प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है। 1-विशिष्ट न्यायधीश एवं सैशन न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम बीकानेर। 2-जिला पुलिस अधीक्षक चुरू । 3-उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जोधपुर। 4 पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, बीकानेर 5-अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, चुरू। उप महानिरीक्षक पुलिस-द्वितीय, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर।

13. Action taken : Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.
(की गई कार्यवाही: चूँकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता हैं कि अपराध करने का तरीका मद सं.2 में उल्लेख धारा के तहत हैं):

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जाँच के लिए लिया गया):**

**or (या)**

(2) **Directed (Name of I.O.):** SHALU BISHNOI **Rank** निरीक्षक
**(जाँच अधिकारी का नाम ):** **(पद):**

**No(सं.):** **to take up the Investigation (को जाँच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or(या)**

(3) **Refused investigation due to**
**(जाँच के लिए) :**

**or (के कारण इंकार किया, या)**

(4) **Transferred to P.S.(थाना):** **District (जिला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित) .**

F.I.R.read over to the complainant/informant,admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant/informant free of cost.

**(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गई, सही दर्ज हुई माना और एक प्रति निःशुल्क शिकायतकर्ता को दी गई|)**

**R.O.A.C.(आर.ओ.ए.सी.)**

14. **Signature/Thumb impression of the complainant / informant**
**(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान):**

**Signature of Officer in charge, Police Station**
**(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

Signed by: Kalu Ram Rawat
Location: Rajasthan,IN
Date: 06/10/2024 15:

15. **Date and time of dispatch to the court**
**(अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

**Name(नाम):** KALU RAM RAWAT

**Rank (पद):** Dy. IG (Deputy Inspector General)

**No(सं.):**

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused:(If known/seen )**
**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण :(यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S.No.(क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date/Year of Birth ( जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height(cms.) (कद(से.मी)) | Complexion (रंग ) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Male | 05/01/1974 | | | | |

| Deformities/ Peculiarities (विकृतियाँ/ विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eyes (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit(s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |

| Language /Dialect (भाषा /बोली) | Place Of(का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (धवल रोग ) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | | |

These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.
**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है |)**